मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–18, अंक–05, अगस्त 2018

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545




## मैन ऑफ स्टील

# श्री सतीश कुमार अग्रवाल

## लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

देश में स्टील उद्योग को नई ऊँचाई देने वाली कंपनी कामधेनु लिमिटेड वर्तमान समय में देश के सबसे भरोसेमंद ब्रांडों में से एक है। इस भरोसे को बनाए रखने में कंपनी के इनोवेटिव एवं उच्च गुणवत्ता वाले विश्व स्तरीय उत्पादों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कंपनी के उत्पादों को हर कसौटी पर खरा उतारने के लिए एक दृढ़ सोच ने काम किया जिसके आधार पर कामधेनु लिमिटेड लगातार विकास के पथ पर बढ़ रही है। इस दृढ़ सोच का सृजन किया ''मैन ऑफ स्टील'' श्री सतीश कुमार अग्रवाल ने।

अपने आप को स्टील उद्योग का दिग्गज कहने वालों ने भी इनके जज्बे को सलाम किया क्योंकि औद्योगित जगत में इनकी दूरदर्शिता से एक नया सितारा कामधेनु लिमिटेड के नाम से चमका जिसने स्टील रीबार को नया रूप दिया और टीएमटी रीबार को नई पहचान दी। सतीश अग्रवाल जी की इस प्रतिबद्धता के लिए पहले भी अन्य मंच पर सम्मानित किया गया है। अब इसी कड़ी में एक और प्रतिष्ठित सम्मान जुड़ा है। अमरिका की प्रतिष्ठित मैगज़ीन 'आंत्रपेन्योर' ने आंत्रपेन्योर 2018 अवार्डों के तहत सतीश अग्रवाल जी को उनके इनोवेशन, नेतृत्व और सफल बिजनेस मॉडल को पेश करने के लिए 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2018' से सम्मानित किया। यह पूरे विश्व में उद्यमी समुदाय के बीच में सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है। आंत्रपेन्योर मैगजी़न का उद्देश्य उन इनोवेटर्स, अचीवर्स और आपूर्तिकर्ताओं को सम्मानित करना है, जिन्होंने अपनी उद्यमिता से उद्योग के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अपनी बेहतरीन प्रबंधकीय क्षमता से सतीश अग्रवाल जी ने फ्रेंचाइजी मॉडल को सफलता पूर्वक लागू किया और पूरे देश में फ्रेंचाइजीस का आदर्श रूप पेश किया। इससे फ्रेंचाइजीस के सफल बिजनेस मॉडल का भी विकास हुआ साथ ही फ्रेंचाइजी को भी बेहतर मुनाफा हुआ। इसके साथ ही लॉजिस्टिक्स के माध्यम से पूरे देश में उत्पादों की सतत आपूर्ति को भी पूरा किया।

इस अवार्ड को स्वीकार करते हुए कामधेनु लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने कहा, ''यह मेरे लिए गर्व का क्षण है कि मुझे इस प्रतिष्ठित अवार्ड से सम्मानित किया जा रहा है। यह अवार्ड मेरे साथ–साथ पूरे कामधेनु परिवार के प्रयासों को प्रमाणिकता देता है जिनकी कड़ी मेहनत से कामधेनु लिमिटेड एक ब्रांड लीडर बना है। यह सम्मान मेरे साथ–साथ सभी को कुछ और नया एवं बेहतरीन करने के लिए प्रेरित करेगा।''

नई दिल्ली के जे.डब्ल्यू. मेरियट, होटल में इस प्रतिष्ठित अवार्ड से अग्रवाल जी को 16 जुलाई को सम्मानित किया गया। आंत्रपेन्योर 2018 के समारोह में 1000 अग्रणी उद्यमियों, स्टार्ट–अप, इनवेस्टर्स, उद्योगों के वैश्विक दिग्गज सहित भारत सरकार के अधिकारी और प्रमुख शख्सियतों ने हिस्सा लिया जो उद्यमिता के माध्यम से बहु–आयामी विकास में योगदान दे रहे हैं। इसके साथ ही इस मंच पर विकास के चार महत्वपूर्ण बिंदूओं नये इनोवेशन, पूंजी, श्रेष्ठ बिजनेस और टिकाऊ विकास के लिए बेहतर व्यावसायिक वातारण के निर्माण पर चर्चा की गई।

# देश में बना देश का सुरक्षा कवच



न्यूक्लियर मिसाइल शील्ड बनाने की दिशा में भारत को मिली बड़ी उपलब्धि। दुश्मन की बलिस्टिक मिसाइलों पर नज़र रखने और उसे मार गिराने में सफलता मिलेगी। भारत के हिन्दुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने बेहद गोपनीय कार्यक्रम के तहत इस समुद्री निगरानी शिप का निर्माण किया है। मेक इन इंडिया के तहत इस शिप को निर्मित करने का उद्देश्य देश की सामरिक क्षमता को बढ़ाना है। इसमें बलिस्टिक मिसाइलों को ट्रैक करने के लिए काफी उन्नत एक्स बेंड और एस बेंड एक्टिव इलेक्ट्रानिकली स्केन्ड अरे रडार लगाया गया है जो एक साथ कई तरह की जानकारियां एकत्रित करता है। इसका निर्माण का कार्य 30 जून 2014 में प्रारम्भ हुआ था और जुलाई 2018 में इसका परिक्षण शुरू हो गया। कई सारी खुबियों से सुसज्जित इस शिप के निर्माण का कार्य सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के नियंत्रण में हुआ है। शुरुआती परिक्षणों के बाद इसे भारतीय नौसेना को सौपा जाएगा। फिलहाल इस उन्नत शिप को VC11184 नाम दिया गया है। 1500 करोड़ रुपये की लागत से बना यह शिप 175 मीटर लंबा है। इसमें 300 कर्मी दल रह सकते है।

# देश ने दी श्रद्धांजलि



25 सितम्बर 1924
16 अगस्त 2018

भारत रत्न, कवि, प्रखर वक्ता, सशक्त पत्रकार और जननेता रहे देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपयी का लंबी बीमारी के बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) में 16 अगस्त को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से देश में शोक की लहर दौड़ पड़ी क्या अपने और क्या पराये सभी की आँखे नम हो गई।

वाजपयी जी तीन बार देश के प्रधानमंत्री रहे पहली बार उनकी सरकार 13 दिन, दूसरी बार 13 महिने और तीसरी बार पूरे पाँच वर्ष का कार्यकाल पूरा किया। उनका राजनीतिक जीवन सिद्धांतों और नैतिकता से परिपूर्ण था। राजनीति में रहने के बाद भी धूर विरोधी राजनीतिक दल भी उनके सम्मान में हमेशा खड़े नजर आते हैं। बड़ी से बड़ी बात को कविता के माध्यम से कहने वाले वाजपयी को पूरे विश्व ने श्रद्धांजलि दी। इनकी दत्तक पुत्री नमिता कौल भट्टाचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उनको मुखाग्नि दी। इसी के साथ देश का रत्न, राजनीति का पुरोधा, एक कवि अपनी कभी न भूलने वाली पंक्तिया देश को समर्पित कर पँचतत्व में विलीन हो गया।

# कामधेनु कॉन्ट्रैक्टर्स मीट पिहोवा में सम्पन्न










आधारभूत संरचनाओं के विकास से देश के विकास को सही ढंग से समझा जा सकता है और इनके टिकाऊपन को टीएमटी एवं इस्पात उत्पादों की गुणवत्ता के आधार पर समझ सकते है। इस टिकाऊ विकास की समझ को विकसित करने के लिए देश की अग्रणी कंपनी कामधेनु लिमिटेड लगातार प्रयास करती रहती है। इसके तहत कंपनी निर्माण कार्य में लगे व्यक्तियों तक इस्पात उत्पादों से सम्बन्धित उचित जानकारी पहुंचाती है ताकि वे आधारभूत एवं ढांचागत विकास में अभूतपूर्व योगदान दे सके। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए कंपनी ने इस बार हरियाणा के पिहोवा में कॉन्ट्रैक्टर्स मीट को आयोजित किया।

कामधेनु लिमिटेड के इस प्रयास से उत्साहित पिहोवा के 70 से अधिक कॉन्ट्रैक्टर्स इस सम्मेलन में सम्मिलित हुए। यहाँ कंपनी के पदाधिकारियों ने कॉन्ट्रैक्टर्स को बिल्डिंग निर्माण के लिए टीएमटी इस्पात के जरूरी विशेषतओं को विस्तार से बताया। साथ ही उन गुणों से भी अवगत कराया जो टीएमटी के लिए जरूरी है जिसके आधार पर भूकंप जैसी परिस्थितियों में भवन सुरक्षित रहता है। यहाँ कंपनी के पदाधिकारियों ने अपने उच्च गुणवत्ता वाले टीएमटी KAMDHENU 500-SD की खासियतों को भी साझा किया। इसकी खासियतों को साझा करते हुए पदाधिकारियों ने कामधेनु लिमिटेड द्वारा लागातर अपनाई जा रही उन्नत तकनीक का भी जिक्र किया और KAMDHENU TMT को बनाने की तकनीकी प्रक्रिया को बताया। साथ ही इसकी जंगरोधक क्षमता, डक्टाइल स्ट्रैन्थ और भूकंप जैसी चरम परिस्थितियों में अधिकतम सुरक्षा की क्षमता को भी बताया।

यहाँ कॉन्ट्रैक्टर्स ने भी टीएमटी से जुड़े हुए अपने सवालों को पूछा और कंपनी के पदाधिकारियों ने उनके सवालों का बेहतर जवाब दिया। कंपनी के इस प्रयास से उत्साहित कॉन्ट्रैक्टर्स ने कंपनी के सभी टीएमटी उत्पादों में रूचि दिखाई और KAMDHENU 500-SD को अपने निर्माण कार्य में बढ़ावा देने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में कामधेनु की ओर से श्री सुनील सैन, सीनियर मार्केटिंग मैनेजर, डीलर श्री प्रवीन गुप्रा (मेसर्स मोहन लाल एंड संस, पिहोवा), डिस्ट्रीब्यूटर्स श्री संजय गुप्ता सम्मिलित हुए।

यहाँ श्री सुनील सैन ने कहा, ''हमारा प्रयास है कि हम उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद की जानकारी कॉन्ट्रैक्टर्स तक पहुंचाए ताकि निर्माण कार्य को वो मजबूती मिले जिसके लिए आप कड़ी मेहनत करते है। हम आज देश में टीएमटी के लीडर है इसलिए हमारा प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा लोग हमारे विश्वस्तरीय टीएमटी उत्पाद का उपयोग कर बिल्डिंग निर्माण को नई दिशा दे।'' श्री संजय गुप्ता ने यहाँ सम्मिलित हुए सभी कॉन्ट्रैक्टर्स का आभार व्यक्त किया और उन्हें कंपनी की योजनाओं को बताया जो समय–समय पर कॉन्ट्रैक्टर्स और मेसन के लिए चलाई जाती है।









RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.08.2018



# कामधेनु लिमिटेड ने हिमाचल प्रदेश डीलर्स को दिया

## पीटर्सबर्ग और मास्को की सैर का तोहफा




देश की अग्रणी कंपनी के तौर पर कामधेनु लिमिटेड ने हमेशा ही नये–नये इनोवेशन को आगे बढ़ाया और टीएमटी स्टील को लोगों तक उचित कीमत पर पहुंचाया है। लोगों तक उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद पहुंचाने के अपने प्रयास में कंपनी ने हमेशा ही तत्परता दिखाई है एवं इस कार्य में कंपनी के उत्पादों का प्रतिनिधित्व करने वाले डीलर्स को भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रोत्साहित किया है। कंपनी ने हिमाचल प्रदेश के डीलर्स को मोटिवेट करने और उनके नॉलेज को बढ़ाने के लिए टूर पैकेज का तोहफा दिया। स्वस्थ व्यावसायिक गतिविधियों का सृजन करते हुए कंपनी ने कंपनी के पदाधिकारियों सहित 54 डीलर्स को रूस के दो खूबसूरत शहर मास्को और सेंट पीटर्सबर्ग की सैर का तोहफा दिया।

7 दिन तक चले इस टूर की शुरुआत 17 अगस्त को हुई। इस यात्रा के पहले पड़ाव के पहले दिन डीलर्स ने रूस के शहर सेंट पीटर्सबर्ग के बेहतरीन होटल पार्क इन में मेहमान नवाजी का आनंद लिया और यहाँ की जगमगाती शाम में नेवा नदि के क्रूज शिप में भारतीय खाने का लुत्फ उठाया। दूसरे दिन इन्होंने इस नेवा नदि के तट पर बसे और पोर्ट सिटी के नाम से प्रसिद्ध खूबसूरत शहर सेंट पीटर्सबर्ग के सभी विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों की सैर की। इन्होंने यहाँ दुनिया के दूसरे बससे बड़े म्युजियम हरमिटेज म्युजियम को देखा। इसके बाद रूस के सबसे बड़े पारम्परिक चर्च (गिरजा घर) सेंट इसाक की भव्यता को महसूस किया। यहाँ की पारम्परिक कला का मुआयना करते हुए सीनेट स्क्वायर मे लगी पीटर द ग्रेट की मूर्ति 'द ब्रोंज होर्समेन' के इतिहास को जाना। तीसरे दिन सभी ने विख्यात महलों की श्रृंखला पीटरहोफ को देखा और अपनी विरासत को संजोने के गुर सीखे।

टूर के दूसरे पड़ाव में कारवां रूस की राजधानी मास्को की ओर बढ़ चला। यहाँ सभी ने अंतरिक्ष अनुसंधान व विकास के कार्यक्रम को समर्पित कॉसमॉस म्युजियम की सैर की और रूस के इस क्षेत्र में बेजोड़ अनुसंधान को समझा। इस तरह पूरी यात्रा में डीलर्स ने तकनीक और भवन निर्माण से संबंधित उन पहलुओं को करीब से जाना जो विकास को बेहतरीन ढंग से दर्शाते हैं। इस कारवा के पाँचवे दिन रेड स्क्वायर स्थित सेंट बेसिल्स प्रमुख चर्च, लेनिन की समाधि और कज़ान चर्च की सैर कर यादगार पल बिताए और हर गंतव्य को तस्वीरों में कैद किया।

इस टूर में कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल जी कंपनी पदाधिकारियों के साथ सम्मिलित हुए। कंपनी के पदाधिकारियों में श्री दीपक भाटिया, एजीएम मार्केटिंग, श्री अमित सोनी, एजीएम ब्रांड प्रमोशन और प्रदीप गर्ग सम्मिलित हुए। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश में कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर श्री मोहन अग्रवाल एवं डिस्ट्रीब्यूटर श्री विक्रम जैन, और हरियाणा के डिस्ट्रीब्यूटर श्री संजय गुप्ता सम्मिलित हुए।

मोटिवेशनल टूर में डीलर्स के उत्साहपूर्वक सम्मिलित होने पर कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल जी ने डीलर्स की प्रशंसा करते हुए कहा, "आपके द्वारा किये जा रहे प्रयासों से हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं। आप जिस तहर से कंपनी के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को पेश कर मांग को बढ़ा रहे हैं, वो काबिले तारिफ है। इसलिए हम भी अपने प्रयास के तहत आपको इसी तरह पुरस्कृत करते रहना चाहते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि हम आगे भी विकास की यात्रा पर साथ चलते रहेंगे।"



**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

**श्री संजय गौर और श्री अमित**
**मेसर्स प्रीत एन्टप्राइजेस**
शॉप न. 16, त्रीमूर्ति कॉम्प्लेक्स,
महाद्वार रोड, बेलगौम
कर्नाटक – 590001
मो. 8151815181 / 7676767889

**श्री दिनेश अग्रवाल**
**मेसर्स मॉ तुलसी टेडर्स**
मेन रोड, झलाप
छत्तीसगढ़– 493551
मो. 8959951000

**श्री विक्की अंसल**
**मेसर्स उत्तराखंड हार्डवेयर स्टोर**
मालगोदाम रोड,
कोटद्वार– 246149
मो. 9837004481

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com